# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

फार्म भरने की अंतिम तिथि: 16.03.2019

परीक्षा की तिथि: 21.04.2019

**झारखण्ड सरकार**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**
**एवम्**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, ज्ञानदीप परिसर, बड़गावाँ, नामकुम, राँची**
**(छात्रवृत्ति परीक्षा कोषांग)**
**झारखण्ड, राँची।**

**विज्ञप्ति संख्या - 19/2019**

**राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना 2018-19**
**कक्षा VIII में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए**

एतद् द्वारा सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप–निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी राजकीय/राजकीयकृत/प्रोजेक्ट एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका तथा वर्ग VIII में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा राष्ट्रीय साधन सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना (NMMS) के चयनित छात्र–छात्राओं को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा DBT के माध्यम से वर्ग IX से वर्ग XII तक छात्रवृत्ति 12000/– रूपया प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।

**2.पात्रताः**– झारखण्ड राज्य में अवस्थित राजकीय/राजकीयकृत/प्रोजेक्ट/अल्पसंख्यक विद्यालय में नामांकित एवं अध्ययनरत् वैसे छात्र–छात्रा राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा–छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2018–19 में सम्मिलित होने के पात्र होंगे, जो :– (i) शैक्षणिक सत्र 2017–18 में 55 प्रतिशत अंकों के साथ 7वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए हो एवं सत्र 2018–19 में अष्टम् वर्ग में नामांकित एवं अध्ययनरत् हो। (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु अंकों में 5 प्रतिशत की छूट होगी)। (ii)जिनके माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय 1.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। (iii)केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित वैसे आवासीय विद्यालय, जहाँ रहने खाने एवं पढ़ने की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जाती है, के छात्र–छात्रा इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

**3.आरक्षणः**–इस छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत आरक्षण (पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) झारखण्ड सरकार द्वारा अनुमान्य आरक्षण नियमावली के अनुसार देय होगा।

**4.परीक्षा शुल्कः**– परीक्षा शुल्क निम्न प्रकार है :–

(क)सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों हेतु – 100/– (एक सौ रूपये)।
(ख)अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति – 50/– (पचास रूपये)।
बैंक ड्राफ्ट NMMS के नाम से जारी होगा। उक्त DD राँची में भुगतेय होगा।

**5.परीक्षा पद्धति एवं पाठ्यक्रमः**– राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के प्रश्न पत्र वर्ग VII एवं VIII के स्तर के होंगे।

| Date and Time of Exam | Test Type | Number of Question | Full Marks | Qualifying Marks |
|---|---|---|---|---|
| 10.00 - 01.00 बजे (30 min extra for visually challenged) | Paper - I Mental Ability Test (MAT) | 90 | 90 (1 mark for each question) | 40% for General 32% for SC, ST |
| | Paper- II Scholastic Aptitude Test (SAT) | 90 | 90 (1 mark for each question) | |

**आवेदन पत्र प्राप्तिः**–उक्त छात्रवृति परीक्षा हेतु आवेदन पत्र परिषद् के वेबसाईट **www.jac.jharkhand.gov.in** पर उपलब्ध है। छात्र/विद्यालय प्रधान आवेदन पत्र को डाउनलोड कर भली–भाँति भरते हुए एक समेकित सूची बनाकर बैंक ड्राफ्ट/वांछित शुल्क के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यालय में जमा करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी शुल्क प्राप्त करते हुए बैंक ड्राफ्ट के साथ परिषद् के प्रतिनियोजित कर्मचारी को हस्तगत करायेंगे।

6. आवेदन पत्र में अपने बैंक का नाम, खाता संख्या, IFS Code, मोबाईल नम्बर एवं आधार संख्या का उल्लेख अवश्य करें ताकि आपको चयनित होने के पश्चात् ससमय छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा सके।
7. छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र–छात्रा से अनुरोध है कि वे पूरे छात्रवृति सत्र (वर्ग IX, X, XI एवं XII) के दौरान अपने विद्यालय एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के सम्पर्क में रहें) छात्रो को छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु उन्हें प्रति वर्ष **National Scholarship Portal** पर आवेदन करना आवश्यक है। आवेदन नहीं करने की स्थिति में उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा एवं वे छात्रवृत्ति से वंचित हो जायेंगे। इसके लिए परिषद् जिम्मेवार नहीं होगा।
8. बाधा रहित छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु छात्रों का आधार संख्या का होना एवं आधार संख्या बैंक खाते के साथ **Seeded** होना आवश्यक है। छात्र के आधार संख्या नहीं होने की स्थिति में विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि वे छात्र का आधार बनवानें में सहयोग करेंगे।
9. असुविधा की स्थिति में:– किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची झारखण्ड के टेलीफोन नं0– **7485093439** या छात्रवृत्ति कोषांग के **E-mail Id- ntse.jac@gmail.com** सम्पर्क किया जा सकता है।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./-**
**सचिव, सह- नोडल पदाधिकारी,**
**राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची**

JAC/Sch/NMMS/42/18/SECY/163/19 Dt. - 26.02.2019
D.O.P. - 27.02.2019